# मॉडल प्रैक्टिस पेपर्स ( दोहराई हेतु )

## ऐम० बी० डी० न्यू स्टाइल मॉडल पेपर–1

**कक्षा—XII**

**अर्थशास्त्र**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :—**

(*i*) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(*iii*) प्रश्न संख्या **1–4** और **13–16** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनका प्रत्येक भाग **1** अंक का है। इनका उत्तर केवल एक वाक्य में ही दिया जाना है।

(*iv*) प्रश्न संख्या **5–6** और **17–18** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(*v*) प्रश्न संख्या **7–9** और **19–21** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(*vi*) प्रश्न संख्या **10–12** और **22–24** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(*vii*) उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासम्भव ऊपर दी गई सीमा के अन्तर्गत ही दिए जाएँ।

### खण्ड–अ

**1.** उत्पादन संभावना वक्र के बायीं ओर पाया जाने वाला बिन्दु क्या दर्शाता है? 1

(A) संवृद्धि (B) अकुशलता

(C) न प्राप्त होने वाला संयोग (D) आर्थिक विकास

**2.** एक फर्म के संदर्भ मे कीमत स्वीकारक का क्या अर्थ है? 1

**3.** वस्तु की संतुलित बाजार कीमत का क्या अर्थ है? 1

**4.** उत्पादन के स्वयं के साधनों की लागत क्या कहलाती है? 1

(A) अवसर लागत (B) निहित लागत (C) स्पष्ट लागत (D) विक्रय लागत

**5.** उपयोगिता विश्लेषण की सहायता से घटते सीमांत उपयोगिता के नियम की व्याख्या करें। 3

***अथवा***

मांग में वृद्धि व मांग मात्रा में वृद्धि में अंतर स्पष्ट करें।

**6.** किसी दी गई वस्तु की पूर्ति पर अन्य वस्तुओं की कीमत में कमी का क्या प्रभाव पड़ता है? 3

**7.** किसी वस्तु की कीमत ₹ 50 प्रति इकाई होने पर उसकी 1000 इकाइयों की मांग की जाती हैं जब उसकी मांग 10 % गिरती है, इसकी मांग बढ़कर 1080 इकाइयां हो जाती हैं। मांग की कीमत लोच ज्ञात करें। क्या मांग बेलोचदार है? 4

**8.** संतुलन कीमत क्या है? इसका निर्धारण कैसे होता है? 4

***अथवा***

नियन्त्रण मूल्य तथा समर्थन मूल्य का अर्थ बताएं।

**9.** पूर्ति क्या है? पूर्ति को प्रभावित करने वाले तत्व क्या है? 4

**10.** एक उपभोक्ता दो वस्तुओं का उपभोग करता है। उपयोगिता तालिका की सहायता से उसके संतुलन की व्याख्या करें। 6

***अथवा***

उदासीन वक्र की मुख्य विशेषताएं बताएं। यह वक्र ऋणात्मक ढाल वाला क्यों होता है?



Model Paper_Final.pmd 1 2/24/2018, 2:42 PM

**11.** कुल उत्पाद एवं सीमांत उत्पाद तालिका की सहायता से साधन के प्रतिफल के नियम की व्याख्या करें। 6

**12.** संतुलन कीमत क्या होती है? इसका निर्धारण कैसे होता है? रेखाचित्र की सहायता से व्याख्या करें। 6

## खण्ड–ब

**13.** मुद्रा की पूर्ति क्या है? 1

**14.** बजट का एक उदेश्य बताएं। 1

**15.** सरकार घाटे की वित्त व्यवस्था क्यों करती है? 1

**16.** प्राथमिक घाटा कैसे ज्ञात किया जाता है? 1

**17.** प्रेरित व स्वचालित निवेश में अंतर स्पष्ट करें। 3

***अथवा***

गुणक व सीमांत उपभोग प्रवृत्ति में संबंध की व्याख्या करें।

**18.** अल्प रोजगार संतुलन की सचित्र व्याख्या करें। 3

**19.** प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर में अंतर स्पष्ट करें। 4

**20.** बताइए कि कैसे GDP का वितरण इसके आर्थिक कल्याण के माप की एक सीमा है? समझाइए। 4

**21.** विस्फीतिक अंतराल को एक चित्र की सहायता से समझाइए। 4

***अथवा***

केन्द्रीय बैंक के अन्तिम ऋणदाता कार्य की व्याख्या करें।

**22.** निम्नलिखित आंकड़ों से–(अ) राष्ट्रीय आय और (ब) वैयक्तिक प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए: 6

| | | (₹ करोड़ों में) |
|---|---|---|
| (*i*) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 1,200 |
| (*ii*) | किराया | 400 |
| (*iii*) | लाभ | 800 |
| (*iv*) | स्थायी (अचल) पूंजी का अवक्षय (उपभोग) | 300 |
| (*v*) | स्वनियोजितों की मिश्रित आय | 1,000 |
| (*vi*) | निजी आय | 3,600 |
| (*vii*) | विदेशों से निवल (शुद्ध) कारक (साधन) आय | (–) 50 |
| (*viii*) | निजी उद्यमों की निवल प्रतिधारित (अवितरित आय) | 200 |
| (*ix*) | ब्याज | 250 |
| (*x*) | निवल (शुद्ध) अप्रत्यक्ष कर | 350 |
| (*xi*) | निवल (शुद्ध) निर्यात | (–) 60 |
| (*xii*) | परिवारों द्वारा दिए गए प्रत्यक्ष कर | 150 |
| (*xiii*) | निगम कर | 100 |

***अथवा***

भारत की देशीय कारक आय का आकलन लगाते समय आप निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार करेंगे? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए—

(*i*) अनिवासी भारतीयों द्वारा भारत में अपने परिवारों को भेजी गई राशि।

(*ii*) भारत में जापान के दूतावास द्वारा निवासी भारतीय को दिया गया किराया।

(*iii*) भारत में विदेशी बैंक की शाखाओं द्वारा अर्जित लाभ।

**23.** उपभोग वक्र से बचत वक्र ज्ञात करने के चरण बताइए। 6

**24.** (*a*) देशीय मुद्रा की मूल्य वृद्धि से आयात पर प्रभाव की व्याख्या करें।

(*b*) देशीय मुद्रा के अवमूल्यन के निर्यात पर प्रभाव की व्याख्या करें। 3 + 3 = 6

❑ ❑ ❑ ❑

# ऐम० बी० डी० न्यू स्टाइल मॉडल पेपर–2

## कक्षा—XII
## अर्थशास्त्र

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**—इसके लिए ऐम० बी० डी० ***न्यू स्टाइल मॉडल पेपर—1*** देखें।

## खण्ड–अ

**1.** त्यागे गए दूसरे सर्वश्रेष्ठ विकल्प की लागत कहलाती है– 1
(A) सीमांत लागत (B) अवसर लागत (C) विक्रय लागत (D) स्पष्ट लागत।

**2.** कीमत के बढ़ने पर कुल व्यय बढ़े तथा कीमत के कम होने पर कुल व्यय भी कम हो तो माँग की लोच क्या होगी? 1
(A) इकाई (B) इकाई से अधिक (C) इकाई से कम (D) शून्य।

**3.** अल्पाधिकार बाज़ार की एक विशेषता लिखें। 1

**4.** साधन के प्रतिफल का अर्थ बताएं। 1

**5.** उत्पादन संभावना वक्र की ढलान क्या दर्शाती है? 3

***अथवा***

उत्पादन संभावना सीमा की विशेषताएं लिखें।

**6.** मांग के नियम के अपवाद लिखें। 3

**7.** किसी वस्तु की कीमत ₹ 3 प्रति इकाई होने पर एक उपभोक्ता उसकी 40 इकाइयां खरीदता है। जब कीमत बढ़कर ₹ 4 प्रति इकाई हो जाती है तो उपभोक्ता 30 इकाइयां खरीदता है। मांग की लोच कुल व्यय विधि द्वारा ज्ञात करें। 4

**8.** बिजली की मांग बढ़ रही है जबकि इसकी पूर्ति को साधनों की कमी द्वारा बढ़ाया नहीं जा सकता है। बताइए कि कैसे दो उपायों द्वारा बिजली की मांग को कम किया जा सकता है? 4

***अथवा***

कुल आगम में निम्नलिखित में परिवर्तन का क्या प्रभाव होगा?
(1) सीमांत आगम में कमी।
(2) सीमांत आगम में वृद्धि।

**9.** पूर्ति का क्या अर्थ है? आगतों की कीमतों मे वृद्धि पूर्ति को कैसे प्रभावित करती है? 4

**10.** जब उपभोक्ता एक वस्तु को खरीद रहा हो तो वह संतुलित स्थिति में कैसे पहुंचता है? सीमांत उपयोगिता तालिका की सहायता से व्याख्या करें। 6

***अथवा***

किसी वस्तु की बाज़ार कीमत दी होने पर एक उपभोक्ता यह निर्णय कैसे लेता है कि वह उस वस्तु की कितनी इकाइयां खरीदेगा? व्याख्या करें।

**11.** अल्पकालीन औसत लागत तथा सीमांत लागत U-आकार की क्यों होती है? 6

**12.** व्याख्या करें कि स्थिर संख्या वाली फर्मों के पूर्ण प्रतियोगी बाज़ार में कीमत का निर्धारण किस प्रकार का होता है? 6

## खण्ड–ब

**13.** $GDP_{MP}$ = 1
(A) $GDP_{FC}$ + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर (B) $NDP_{FC}$ – अवमूल्यन
(C) $GDP_{FC}$ + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर (D) $GDP_{FC}$ – अवमूल्यन

**14.** इनमें से कौन निकट मुद्रा का प्रकार है– 1
(A) बॉण्ड (B) बीमा पालिसी (C) प्रतिभूतियां (D) उपरोक्त सभीं



Model Paper_Final.pmd 3 2/24/2018, 2:42 PM

**15.** GST की एक विशेषता लिखें। 1

**16.** राजकोषीय घाटा ज्ञात करने का सूत्र लिखें। 1

**17.** गुणक ज्ञात करें जब MPC $\frac{4}{5}$ तथा $\frac{1}{2}$ है। इस गणना के आधार पर गुणक के आकार तथा MPC के आकार के संबंध स्थापित करें। 3

***अथवा***

समग्र मांग के मुख्य घटक क्या है?

**18.** क्या सकल राष्ट्रीय उत्पाद राष्ट्रीय कल्याण का मापक है? 3

**19.** केन्सीयन अर्थशास्त्र में 45° रेखा के महत्व की व्याख्या करें। 4

**20.** पूंजीगत प्राप्तियों व राजस्व प्राप्तियों में भेद करें। 4

**21.** वाणिज्य बैंक कैसे साध्य का निर्माण करते हैं? 4

***अथवा***

वस्तु विनिमय प्रणाली की कठिनाइयां क्या हैं?

**22.** 'बाज़ार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद' तथा 'निवल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय' ज्ञात कीजिए: 6

| | (₹ करोड़ों में) |
|---|---|
| (*i*) विदेशों से निवल पूंजीतर (चालू) हस्तांतरण | 10 |
| (*ii*) मज़दूरी तथा वेतन | 800 |
| (*iii*) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 140 |
| (*iv*) नियोजकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंशदान | 100 |
| (*v*) अचल पूंजी का उपभोग | 80 |
| (*vi*) किराया | 200 |
| (*vii*) विदेशों को निवल कारक आय | 20 |
| (*viii*) रॉयल्टी | 50 |
| (*ix*) वैयक्तिक कर | 90 |
| (*x*) निगम कर | 50 |
| (*xi*) कर पूर्व लाभ | 150 |
| (*xii*) ब्याज | 300 |

***अथवा***

भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय आप निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार करेंगे? अपने उत्तर के लिए कारक दीजिए—

(*i*) रूस में भारतीय दूतावास में कार्यरत रूसी नागरिकों को दिया गया वेतन।

(*ii*) एक भारतीय कम्पनी द्वारा सिंगापुर में स्थित अपनी शाखा से अर्जित लाभ।

(*iii*) भारतीय निवासियों को विदेशी कम्पनी से शेयर बेचने से पूंजीगत लाभ।

**23.** (a) अवस्फीतिक अंतराल एवं स्फीतिक अंतराल में अंतर करें। विस्फीतिक अंतराल को एक अनुसूची की सहायता से समझाएं।

(b) निम्न तालिका को पूरा करें— 3 + 3 = 6

| आय | उपभोग | MPC | APC |
|---|---|---|---|
| 0 | 40 | — | — |
| — | 120 | 0.8 | — |
| — | 200 | 0.8 | — |
| — | 280 | 0.8 | — |

**24.** (a) विदेशी विनिमय की मांग व पूर्ति के चार स्रोत बताएं।

(b) भुगतान संतुलन खाते की विभिन्न मदों की व्याख्या करें। 3 + 3 = 6

❑❑❑❑